### पीथमपुर बना मध्यप्रदेश का औद्योगिक विकास केंद्र, लिउगोंग के नए संयंत्र का शुभारंभ

# मेक इन मध्यप्रदेश के लिए तैयार हो रहा मजबूत औद्योगिक तंत्र: डॉ. मोहन यादव

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पीथमपुर मध्यप्रदेश की औद्योगिक अर्थव्यवस्था का विकास केंद्र बन चुका है। यहां मेक इन मध्यप्रदेश के लिए मजबूत औद्योगिक तंत्र तैयार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अगले ढाई वर्षों में विकास के सभी लक्ष्यों को पूरा करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में लिउगोंग इंडिया कंपनी के नए विनिर्माण संयंत्र के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कंपनी की विस्तारित उत्पादन इकाई का उद्घाटन किया। इस नई इकाई की स्थापना के लिए कंपनी ने 272 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीथमपुर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश का प्रमुख विनिर्माण केंद्र बन रहा है। यहां ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग, औषधि, कपड़ा और तकनीकी क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार पीथमपुर को हरित उद्योग, इलेक्ट्रिक वाहन, आधुनिक विनिर्माण और वैश्विक निर्यात के केंद्र के रूप में विकसित कर रही है।

- पीथमपुर में 272 करोड़ का निवेश, पांच हजार लोगों को मिलेगा रोजगार
- निवेश और रोजगार की दिशा में मप्र की बड़ी उपलब्धि, पीथमपुर में शुरू हुआ नया संयंत्र
- मुख्यमंत्री ने कहा-प्रदेश में लगातार बढ़ रहा निवेशकों का भरोसा




### लिउगोंग की नई उत्पादन इकाई से मशीन निर्माण क्षमता बढ़कर 7500 इकाई वार्षिक होगी

उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में पिछले दो वर्षों में लगभग 10 हजार करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया है। वर्ष 2026 के पहले छह महीनों में प्रदेश को 76 हजार 862 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनसे हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि लिउगोंग कंपनी दुनिया की प्रमुख भारी निर्माण उपकरण निर्माता कंपनियों में शामिल है। पीथमपुर में नई उत्पादन इकाई शुरू होने से कंपनी की वार्षिक उत्पादन क्षमता 3250 मशीनों से बढ़कर 7500 मशीनों तक पहुंच जाएगी। इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करीब पांच हजार रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि कंपनी के विस्तार से प्रदेश के लघु, छोटे और मध्यम उद्योगों के साथ इंजीनियरिंग तथा वाहन कलपुर्जा उद्योगों को भी मजबूती मिलेगी। स्थानीय स्तर पर तैयार होने वाले कलपुर्जों की हिस्सेदारी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में लगातार औद्योगिक विकास को गति दी जा रही है। हाल के समय में कई बड़े निवेश और औद्योगिक परियोजनाओं की शुरुआत हुई है। पीथमपुर से शुरू हो रही यह नई इकाई मध्यप्रदेश की औद्योगिक यात्रा में नया अध्याय जोड़ेगी।

# सीएम ने मांगा नौ दिन में हुई पदोन्नतियों का पूरा ब्यौरा, सभी विभागों से रिपोर्ट तलब

### मुख्यमंत्री सचिवालय के निर्देश पर सामान्य प्रशासन विभाग ने पदवार और विभागवार जानकारी मांगी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सीएम डॉ. मोहन यादव ने लोक सेवा पदोन्नति नियम-2025 के अंतर्गत पिछले नौ दिनों में विभिन्न विभागों में की गई पदोन्नति कार्यवाही का विस्तृत ब्यौरा तलब किया है। मुख्यमंत्री सचिवालय के निर्देश के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों को विभागवार और पदवार पदोन्नति का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए हैं। सभी विभागों से कहा गया है कि अब तक की गई पदोन्नतियों की जानकारी निर्धारित ऑनलाइन माध्यम पर तत्काल दर्ज की जाए। विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि यह जानकारी आज ही अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री जल्द ही इस पूरी प्रक्रिया की समीक्षा करेंगे। मंत्रालय में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने मंत्रियों और अधिकारियों से कहा था कि



सभी विभागों में पात्र अधिकारियों और कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए थे कि पदोन्नति प्रक्रिया में किसी भी वर्ग के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए और पात्र कर्मचारियों को उनका अधिकार समय पर मिलना चाहिए।

मुख्यमंत्री द्वारा जानकारी मांगे जाने के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के अधिकारियों को पत्र जारी किया है। इसमें अब तक की गई पदोन्नति कार्यवाही का पूरा विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

दरअसल, कुछ विभागों में पदोन्नति प्रक्रिया पूरी नहीं होने और देरी की शिकायतें मुख्यमंत्री तक पहुंची थीं। इसके बाद मुख्यमंत्री ने मंत्रिपरिषद की बैठक में अधिकारियों को पदोन्नति के मामलों में गंभीरता बरतने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा था कि जो अधिकारी और कर्मचारी पदोन्नति के पात्र हैं, उन्हें इसका लाभ मिलना चाहिए।

## महाविद्यालयों में 15 जुलाई तक लगेगा प्रवेश मेला

**नप्र, भोपालः** उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के शासकीय, अशासकीय और निजी महाविद्यालयों में रिक्त सीटों पर विद्यार्थियों को प्रवेश दिलाने के लिए 8 से 15 जुलाई तक 'प्रवेश मेला' आयोजित करने का निर्णय लिया है। अतिरिक्त सीएलसी राउंड के तहत यह अभियान मिशन मोड में संचालित किया जाएगा। प्रवेश मेले में विद्यार्थियों को एक ही स्थान पर पंजीयन, चॉइस फिलिंग एवं संशोधन, दस्तावेज सत्यापन, सीट आवंटन की जानकारी और शुल्क जमा करने की सुविधा मिलेगी। महाविद्यालयों में यह व्यवस्था सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगी। विभाग ने निर्देश दिए हैं कि लंबित पंजीयन, सत्यापन और शुल्क जमा नहीं करने वाले विद्यार्थियों से संपर्क कर उन्हें प्रवेश के लिए प्रेरित किया जाए।

### राजेंद्र भारती ने दूसरे उम्मीदवार को मौका देने की बात कही

# दतिया उपचुनाव में कांग्रेस के समीकरण बदले

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** दतिया विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। 30 जुलाई को मतदान होना है और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 13 जुलाई निर्धारित है।

हालांकि अब तक भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपने उम्मीदवारों की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। लेकिन भाजपा से डॉ नरोत्तम मिश्रा की उम्मीदवारी तय मानी जा रही है। इसी बीच कांग्रेस में उम्मीदवार चयन को लेकर नया राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। कांग्रेस के पूर्व विधायक राजेंद्र भारती ने पार्टी नेतृत्व से कहा है कि यदि पार्टी चाहे तो उनके परिवार के स्थान पर किसी अन्य नेता को भी उम्मीदवार बनाया जा सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि पार्टी जिस भी उम्मीदवार को चुनाव मैदान में उतारेगी, वह उसके समर्थन में पूरी ताकत से


डॉ नरोत्तम मिश्रा


राजेंद्र भारती

काम करेंगे। दतिया उपचुनाव के लिए कांग्रेस में कई नामों पर चर्चा चल रही है। इनमें अवधेश नायक और घनश्याम सिंह के नाम भी शामिल बताए जा रहे हैं। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग से किसी नेता को उम्मीदवार बनाए जाने की संभावना पर भी विचार किया जा रहा है।

# पदोन्नति प्रक्रिया शुरू होने पर मंत्रालय में मुख्यमंत्री का स्वागत

### अधिकारियों और कर्मचारियों ने जताया आभार, लंबित पदोन्नतियां जल्द पूरी करने की मांग

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रदेश में दस वर्षों बाद सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया शुरू होने पर बुधवार को मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत किया। कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मांग की कि जिन विभागों में अभी तक पदोन्नति प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है, वहां भी जल्द कार्रवाई की जाए।

मंत्रालय में मंत्रिपरिषद की बैठक से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पहुंचने पर प्रवेश द्वार पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करने के लिए धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम में कर्मचारियों



ने मुख्यमंत्री के सामने प्रदेश के विभिन्न विभागों और जिलों में पदोन्नति प्रक्रिया को गति देने की मांग रखी। उनका कहना था कि कुछ विभागों में अधिकारियों की लापरवाही के कारण अभी तक सभी पात्र कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ नहीं मिल पाया है। इस अवसर पर भोपाल दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा, मध्यप्रदेश कर्मचारी संघ एवं शीघ्र लेखक संघ के अध्यक्ष सुभाष वर्मा, जीपी सिंह, मंत्रालय अजाक्स शाखा के अध्यक्ष घनश्याम भकौरिया, एससी ओसले और मध्यप्रदेश राज्य मंत्रालय शासकीय अधिकारी-कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ओपी गौर सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि सरकार सभी विभागों में पदोन्नति प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी।

# खरगोन में नदी में बहा युवक, मंदसौर में सड़क को लेकर प्रदर्शन

### कई जिलों में तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश में लगातार हो रही बारिश अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बनने लगी है। प्रदेश के कई जिलों में नदी-नाले उफान पर हैं, वहीं जलभराव और खराब सड़कों के कारण आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खरगोन जिले में तेज बहाव वाली रूपारेल नदी में बहने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि मंदसौर में बदहाल सड़क से परेशान लोगों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। खरगोन जिले में बारिश के बाद नदी का जलस्तर बढ़ गया था। इसी दौरान तेज बहाव में युवक



बह गया, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं मंदसौर में बारिश के कारण सड़क की स्थिति खराब होने और लोगों को हो रही परेशानी को लेकर स्थानीय लोगों ने कोर्ट रोड पर चक्काजाम कर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। प्रदेश के अन्य जिलों में भी बारिश का असर देखने को मिल रहा है। सेंधवा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में नदी-नाले उफान पर हैं। शाजापुर में शिक्षक जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंच रहे हैं, जबकि बैतूल में बच्चे नाला पार कर विद्यालय जाने को मजबूर हैं। बारिश के बीच पन्ना जिले के बृहस्पति कुंड और पांडव फॉल का प्राकृतिक सौंदर्य भी देखने को मिल रहा है।

मौसम विभाग ने अगले एक-दो दिनों तक प्रदेश के कई जिलों में बारिश, गरज-चमक और तेज हवाओं की संभावना जताई है। बीते 24 घंटों में धार जिले में सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा राजगढ़, रतलाम, शिवपुरी, टीकमगढ़, खरगोन, भोपाल और उज्जैन सहित कई जिलों में अच्छी बारिश हुई है।

# 208 श्रद्धालुओं का जत्था बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना



**नप्र, भोपालः** अमरनाथ यात्रा के लिए शिवशक्ति अमरनाथ सेवा मंडल के 208 श्रद्धालुओं का जत्था बुधवार को भोपाल रेलवे स्टेशन से रवाना हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से स्टेशन परिसर भक्तिमय हो गया। समाजसेवी दुर्गेश मालवीय और भगवान दास ढालिया ने श्रद्धालुओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके बाद यात्रा दल मालवा एक्सप्रेस से अमरनाथ धाम के लिए रवाना हुआ।

मंडल के शरद जैन ने बताया कि यह धार्मिक यात्रा देश की सुख-शांति, समृद्धि, सामाजिक समरसता और विश्व कल्याण की कामना के संकल्प के साथ निकाली गई है। यात्रा दल का नेतृत्व मुकेश शर्मा और सुनील मेवानी कर रहे हैं। धर्मयात्रा प्रमुख मुकेश शर्मा ने कहा कि अमरनाथ यात्रा केवल तीर्थयात्रा नहीं, बल्कि आस्था, सेवा और राष्ट्र समर्पण का पर्व है। उन्होंने बताया कि शिवशक्ति अमरनाथ सेवा मंडल कई वर्षों से श्रद्धालुओं की सेवा और यात्रा व्यवस्था में सहयोग करता आ रहा है।

उन्होंने कहा कि मंडल का प्रयास है कि सभी श्रद्धालु सुरक्षित और सुव्यवस्थित तरीके से यात्रा पूरी कर बाबा बर्फानी के दर्शन कर सकें। इस अवसर पर मनोज सोनी, अशोक सांकले सहित मंडल के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में शिवभक्त मौजूद रहे।

## वक्फ बोर्ड में नियुक्तियों को लेकर विरोध निकाह काजी ने सौंपा त्यागपत्र

**नप्र, भोपालः** मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड में दो गैर-मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति को लेकर जारी विवाद के बीच निकाह काजी मोहम्मद मआज़ खान नोमानी नदवी ने अपने दो महत्वपूर्ण पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने निकाह काजी के पद के साथ ही दीनी तालीमी बोर्ड, जमीयत उलेमा मध्यप्रदेश के महासचिव पद से भी त्यागपत्र सौंपा है। मआज़ खान ने अपने इस्तीफे में कहा कि उन्होंने सौंपी गई जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाने का प्रयास किया, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में इन पदों पर बने रहना संभव नहीं है। उन्होंने वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह एक धार्मिक संस्था है और इसमें ऐसे सदस्यों की नियुक्ति उन्हें स्वीकार नहीं है। उन्होंने कहा कि इस फैसले का विरोध करने की उम्मीद थी, लेकिन कुछ लोगों द्वारा समर्थन किए जाने से उन्हें दुख पहुंचा। मआज़ खान ने बताया कि दोनों त्यागपत्र बुधवार को ही सौंपे गए हैं। उन्होंने अपने निर्णय को धार्मिक जिम्मेदारी और व्यक्तिगत विवेक के आधार पर लिया है।

## स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए वैल्यू एडेड कोर्स अनिवार्य

**नप्र, भोपालः** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप उच्च शिक्षा विभाग ने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए वैल्यू एडेड कोर्स का चयन अनिवार्य कर दिया है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगारपरक कौशल, नैतिक मूल्यों, पर्यावरण जागरूकता और व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ना है। विभाग के अनुसार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशों और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के नवीन अध्यादेश के तहत प्रत्येक विद्यार्थी को द्वितीय सेमेस्टर में 2 क्रेडिट पॉइंट का एक वैल्यू एडेड पाठ्यक्रम लेना होगा। विद्यार्थियों के लिए रोजगार एवं उद्यमिता कौशल, योग एवं ध्यान से तनाव प्रबंधन, पर्यावरण मनोविज्ञान, शोध लेखन कौशल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिजनेस एथिक्स, बिजनेस एनालिटिक्स और नवाचार जैसे विषयों के पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं।

उच्च शिक्षा विभाग ने सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि विद्यार्थियों को उनकी रुचि और विषय की उपयोगिता के अनुसार पाठ्यक्रम चयन में मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। विभाग का मानना है कि इससे विद्यार्थियों में कौशल विकास, नवाचार क्षमता और रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी।

**निर्देश** *आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा*

# डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं : शुक्ल

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि तकनीक के प्रभावी उपयोग से प्रदेश के नागरिकों को बेहतर, त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने मंत्रालय में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आभा आईडी, हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री और हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री के माध्यम से प्रदेश में डिजिटल स्वास्थ्य तंत्र को सशक्त



बनाया जा रहा है।

उन्होंने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य संस्थानों, चिकित्सकों, नर्सों, आयुष चिकित्सकों, दंत चिकित्सकों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के पंजीयन का कार्य समय सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का उद्देश्य देश में एकीकृत और परस्पर जुड़े डिजिटल स्वास्थ्य इको सिस्टम का निर्माण करना है। इससे मरीज, डॉक्टर, अस्पताल, प्रयोगशाला, फार्मेसी और बीमा सेवाओं के बीच स्वास्थ्य संबंधी जानकारी का सुरक्षित आदान-प्रदान संभव होगा। बैठक में सीईओ आयुष्मान अरविंद कुमार शाह ने बताया कि प्रदेश में अब तक करीब 5.86 करोड़ आभा आईडी बनाई जा चुकी हैं। वहीं लगभग 20 हजार स्वास्थ्य संस्थान हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री में पंजीकृत हैं और 18 हजार स्वास्थ्य पेशेवर हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री से जुड़ चुके हैं।

समीक्षा में स्कैन एंड शेयर सुविधा की प्रगति की जानकारी भी दी गई। प्रदेश के 533 स्वास्थ्य संस्थानों में यह सुविधा सक्रिय है। इसके माध्यम से अब तक 1 करोड़ 7 लाख 70 हजार से अधिक ओपीडी पंजीयन टोकन जारी किए जा चुके हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल सेवाओं के विस्तार के लिए स्वास्थ्य संस्थानों को आवश्यक प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता और नियमित निगरानी उपलब्ध कराई जाए, ताकि आम नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं का अधिकतम लाभ मिल सके।

## मंत्रियों ने कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं, त्वरित समाधान के निर्देश



**नप्र, भोपालः** कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह और मंत्री दिलीप जायसवाल ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेशभर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मंत्रियों ने कार्यकर्ताओं द्वारा रखी गई जनसमस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिन मामलों का मौके पर समाधान नहीं हो सका, उन्हें संबंधित विभागों को कार्रवाई के लिए भेजा गया।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादकः डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादकः अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com